टी0ए0 मिस केस सं0 352/2018-19

दिनांक	आदेश	अभ्युक्ति
13.07.19	अभिलेख उपस्थापित। आवेदक **सुरसिंह पुरती**, पिता– **स्व0 कोलय पुरती**, ग्राम– **तोलगोए साई**, थाना– **मुफ्फसिल** जिला– पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा ने मौजा– **तोलगोए साई, थाना– 123**, खाता नं0– **30**, प्लॉट नं0– **969, रकवा – 0.10 एकड़** भूमि क्रेता **विनिता देवगम**, पिता– **रघुनाथ देवगम**, ग्राम– **डोमरडीहा**, थाना– **मुफ्फसिल** के पास में बिक्री के द्वारा हस्तान्तरित करने की मांग की गई है। इस संबंध मे छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1) (ए) के अन्तर्गत इस न्यायालय से उपरोक्त प्लॉट की बिक्री हेतु आम सूचना निर्गत किया गया। अंचल अधिकारी, सदर चाईबासा से जाँच प्रतिवेदन की माँग की गई, जो प्राप्त हुआ। विक्रेता के द्वारा भी इस संबंध में आवश्यक दास्तावेज प्रस्तुत किया गया। दास्तावेज के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि **आवेदित भूमि आवेदक के पिता के नाम पर खतियान में दर्ज है। आवेदक का आवेदित भूखंड पर शांतिपूर्ण दखल है।** अंचल अधिकारी, सदर चाईबासा का जाँच प्रतिवेदन पत्रांक– **449**,दिनांक–. **6.07.2019** एवं विक्रेता द्वारा प्रस्तुत आवश्यक दस्तावेजों के अवलोकन से ज्ञात होता है कि मकान बनाने हेतु रूपये की आवश्यकता होने के कारण भू–खण्ड को क्रेता **विनिता देवगम**, पिता– **रघुनाथ देवगम**, ग्राम– **डोमरडीहा**, थाना– **मुफ्फसिल, चाईबासा** के पास **2,32,000.00/–(दो लाख बतीस हजार) रूपये** में बिक्री करना चाहते हैं। इस संबंध में किसी को किसी प्रकार का आपत्ति प्राप्त नहीं हुआ है। जाँच प्रतिवेदन से यह स्पष्ट होता है कि विक्रेता एवं क्रेता दोनों **मुफ्फसिल** थाना के निवासी है। उक्त दोनों अनुसूचित जन जाति के सदस्य हैं। ग्रामिण मुण्डा का बिक्री करने संबंधी अनुशंसा प्रतिवेदन प्राप्त है जो अभिलेख में संलग्न है। उपरोक्त प्लॉट की बिक्री के पश्चात् आवेदक के पास शेष **2.50** एकड़ भूमि से ज्यादा बचता है। आवेदक के पास भरण पोषण हेतु पैत्रिक भू–सम्पति प्रर्याप्त है। अतः अंचल अधिकारी, सदर चाईबासा एवं ग्रामिण मुण्डा के अनुशंसा के आलोक में विक्रेता **सुरसिंह पुरती**, पिता– **स्व0 कोलय पुरती**, ग्राम– **तोलगोए साई**, थाना– **मुफ्फसिल** क्रेता **विनिता देवगम**, पिता– **रघुनाथ देवगम**, ग्राम– **डोमरडीहा**, थाना– **मुफ्फसिल** के पास **2,32,000.00/–(दो लाख बतीस हजार) रूपये** मे मौजा **तोलगोए साई, थाना– 123**, खाता नं0– **30**, प्लॉट नं0– **969, रकवा – 0.10 एकड़**. जमीन को बिक्री करने हेतु छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46 (1)(ए) के अन्तर्गत बिक्री द्वारा हस्तांतरण करने की. ....स्वीकृति.... दी जाती है। लेखापित। (हस्ताक्षर) 13/7 भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता सदर चाईबासा। (हस्ताक्षर) 13/7/19 भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता सदर चाईबासा।	

Scanned with CamScanner